ENGLISH LITERACY PROGRAM

LeapForWord

# READING PRACTICE



# WORD POWER CHAMPIONSHIP

Copyright© 2021 LeapForWord. All rights reserved



# अंग्रेज़ी अक्षरों की आवाज़

किसी भी भाषा में अक्षरों के दो समूह होते हैं। पहला समूह स्वरों का और दूसरा समूह व्यंजनों का। अंग्रेज़ी भाषा में कुल २६ अक्षर होते हैं। जिसमें से ५ स्वर और २१ व्यंजन होते हैं।

## Consonants (व्यंजन)

अंग्रेज़ी भाषा में व्यंजनों के दो समूह होते हैं, एक व्यंजनों का ऐसा समूह जिनके 'नाम' उनके 'आवाज़' में छुपे होते हैं। और दूसरे व्यंजन ऐसे जिनके 'नाम' और 'आवाज़' में समानता नहीं होती।

चलिए मिलकर दोनों के उदाहरण देखते हैं।



### पहला समूह: अक्षरों के नाम में आवाज़



| Bb | |
|---|---|
| अक्षरों के नाम | अक्षरों की आवाज़ |
| बी | ब |



| Dd | |
|---|---|
| डी | ड |



| Ff | |
|---|---|
| एफ | फ |



| Kk | |
|---|---|
| के | क |



| Ll | |
|---|---|
| एल | ल |



| Mm | |
|---|---|
| एम | म |



| Nn | |
|---|---|
| एन | न |



| Pp | |
|---|---|
| पी | प |

Copyright© 2021 LeapForWord. All rights reserved




| Rr | |
|---|---|
| आर | र |




| Ss | |
|---|---|
| एस | स |




| Tt | |
|---|---|
| टी | ट |



| Vv | |
|---|---|
| वी | व |



| Xx | |
|---|---|
| एक्स | क्स |



| Zz | |
|---|---|
| ज़ेड | ज़ |



## दूसरा समूह: अक्षरों के नाम में आवाज़



| Cc | |
|---|---|
| अक्षरों के नाम | अक्षरों की आवाज़ |
| सी | क |



| Gg | |
|---|---|
| जी | ग |



| Hh | |
|---|---|
| एच | ह |



| Ww | |
|---|---|
| डब्ल्यू | व |



| Qq | |
|---|---|
| क्यु | क्व |




| Yy | |
|---|---|
| वाय | य |


Copyright© 2021 LeapForWord. All rights reserved

# Vowels (स्वर)

अंग्रेज़ी भाषा में अक्षरों की एक से अधिक आवाज़ हो सकती है। परन्तु अंग्रेज़ी शब्दों में इस्तेमाल की जाने वाली सबसे सामान्य 'स्वर की पहली आवाज़' होती है। चलिए नीचे दिए गए अक्षरों के माध्यम से स्वरों की पहली आवाज़ के बारे में जानते हैं।




## अंग्रेज़ी भाषा के स्वरों की आवाज़



**Aa**

अक्षरों के नाम → ए | अक्षरों की आवाज़ → ऐ



**Ee**

ई | ए



**Ii**

आय | इ



**Oo**

ओ | ऑ



**Uu**

यू | अ

## शब्दों को कैसे तैयार करें ?

व्यंजन के साथ जुड़कर जब एक स्वर आता है। तो उसको एक साथ उच्चारण किस प्रकार से किया जाता है चलिए मिलकर जानते हैं। **उदा:** Ba = ब + ऐ = बै

तो चलिए थोड़े से उदाहरण हल करते हैं।

**अभ्यास:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| B + e = _____ | B + i = _____ | B + o = _____ | B + u = _____ |

Copyright© 2021 LeapForWord. All rights reserved



## तीन अक्षरी शब्द

हमने ऊपर सीखे हुए दो अक्षरी शब्दों के बाद अब उसमें एक और व्यंजन जोड़कर उसको तीन अक्षरी शब्द बनाते हैं। **उदा:** Ba + t = बै + ट (बैट)

**अभ्यास:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Be + t = _____ | Bi + t = _____ | Bo + t = _____ | Bu + t = _____ |



## चार अक्षरी शब्द

तीन अक्षरी शब्दों के साथ जुड़कर जब एक और व्यंजन आता है तब वो चार अक्षरी शब्द बन जाता है।
**उदा:** Ban + d = बैन + ड (बैन्ड)।

**अभ्यास:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Ben + d = ____ | Lim + b = ____ | Bor + n = ____ | Bur + n = ____ |

## समान आवाज़ के दो स्वर

अब देखते हैं कि एक साथ दो स्वर आने पर क्या करना चाहिए ?



## 'ee' और 'oo' आने वाले शब्द

जब एक शब्द में **'ee'** और **'oo'** ये स्वर साथ में लगकर आते हैं तो इनका उच्चारण **'ee'** का **'ई'** और **'oo'** का **'उ / ऊ'** ऐसा होता है और अधिक समझने के लिए नीचे दिए गए उदाहरण का अभ्यास करते हैं।

**अभ्यास:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| B + ee + t = ____ | P + ee + l = ____ | B + oo + k = ____ | C + oo + k = ____ |

Copyright© 2021 LeapForWord. All rights reserved

## दो समान अक्षर एक साथ आने वाले शब्द

एक शब्द में जब एक ही आवाज़ के अक्षर दो बार आते हैं, तो उनका केवल एक बार उच्चारण किया जाना चाहिए, दो बार नहीं। **उदा:** जब अक्षर ‘ll, ss’ एक साथ आएंगे, तो उन्हें ‘लल’ या ‘सस’ के बजाय ‘ल’ और ‘स’ के रूप में उच्चारण किया जाना चाहिए। ‘Pill = पिल’, ‘Toss = टॉस’। इसके अलावा, ‘CK’ दो व्यंजनों का संयोजन है, इसलिए उन्हें केवल एक बार उच्चारण किया जाना चाहिए क्योंकि इन दोनों व्यंजनों की आवाज़ ‘क’ समान है। **उदा:** Rock = रॉक

**अभ्यास:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Do + ll = ____ | Sme + ll = ____ | Du + ck = ____ | Bla + ck = ____ |



## जब शब्दों में ‘sh / br / st’... ऐसे व्यंजन की जोड़ी आती है तो...

ऊपर दिए गए अक्षरों की जोड़ी जब साथ में आते हैं तो उनका उच्चारण ‘sh - सह’, ‘br - बर’ और ‘st - सट’ ऐसा नहीं करना है, इनका उच्चारण, ‘sh - श’, ‘br - ब्र’ और ‘st - स्ट’ इस प्रकार से होगा, तो चलिए हम इन जोड़ियों के कुछ उदाहरण देखते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Sho + p** | **Bru + Sh** | **Sma + sh** | **Sco + ld** |
| शॉ प | ब्र श | स्मै श | स्को ल्ड |
| शॉप | ब्रश | स्मैश | स्कोल्ड |

**अभ्यास:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Che + ss = ____ | Dra + g = ____ | Cru + sh = ____ | Sto + p = ____ |

## ‘e’ अक्षर पर समाप्त होने वाले शब्द

मित्रों, जब कोई शब्द **‘e’** अक्षर से समाप्त होता है, तो शब्द के अंतिम अक्षर **‘e’** को भूल जाना है, और **‘e’** से पहले आए हुए स्वर का ‘नाम’ लेना है ‘आवाज़’ नहीं। **उदा:** Cake इस शब्द के अंतिम में **‘e’** आया है उसे भूल जाना है और **‘e’** के पहले **‘a’** स्वर आया है उसका ‘नाम’ लेना है ‘आवाज़’ नहीं, इसलिए इस शब्द का उच्चारण होगा ‘केक’। तो चलिए हम और ऐसे शब्दों का अभ्यास करते हैं जो **‘e’** अक्षर से समाप्त हो रहें हैं।

**अभ्यास:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| Bake = ____ | Hide = ____ | Bake = ____ | Fume = ____ |

Copyright© 2021 LeapForWord. All rights reserved